# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला– सूरजपुर छ0ग0

EMAILID CMHOSURAJPUR@GMAIL.COM
PHONENO 07775266139

क्रमांक / 5185 / स्था0 / 2018 सूरजपुर दिनांक 21 / 08 / 2018

### –: विज्ञापन :–

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ0ग0 शासन इन्द्रावती भवन तृतीय तल नया रायपुर छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय क्रमांक एफ–9–1 /2012/ 1–3 रायपुर दिनांक 17 जनवरी 2013 छ0ग0 सिविल सेवा संविदा नियुक्ति नियम 2014 के निर्देश के परिपालन में कलेक्टर महोदय, जिला सूरजपुर के अनुमोदन द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर के अधिनस्थ विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं के अंतर्गत रिक्त निम्नांकित पदों की संविदा भर्ती हेतु वांछित योग्यताधारी उम्मीदवारों से आवेदन पत्र पंजीकृत डॉक/स्पीड पोस्ट से दिनांक 07/ 09 /2018 को सायं 5:00 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर छ0ग0 के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र | पदनाम | एक मुश्त संविदा मानदेय | अनारक्षित | अपिव | अजा | अजजा | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (संविदा) | 14560/– | 19 | 8 | 4 | 11 | 42 |
| 2 | पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता (संविदा) | 14560/– | 17 | 9 | 2 | 16 | 44 |

विज्ञापन से संबंधित दिशा निर्देश/ नियम एवं शर्तो की जानकारी जिले के NIC (www.surajpur.gov.in )एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी जिला सूरजपुर के सूचना पटल में देखे जा सकते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सूरजपुर छ0ग0

- पदो की संख्या मे आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

आवेदन पत्र के संबंध मे सेवा शर्ते :–

शैक्षणिक योग्यता –

महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता – 12वी उत्तीर्ण, 2 वर्षीय ए.एन.एम. कोर्स एवं रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता – 12वी उत्तीर्ण, 1 वर्षीय एम.पी.डब्ल्यू. कोर्स एवं रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

1. यह पद पूर्णतः संविदा आधारित है, संविदा भर्ती के संबंध मे आरक्षण व अन्य शर्ते छ0ग0 शासन द्वारा जारी छ0ग0 सिविल सेवा संविदा नियुक्ति नियम 2014 के नियम एवं शर्तो के अनुसार लागू होगें।
2. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। इसके सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
3. आवेदन के साथ अभ्यर्थी को 5 रूपये का डाक टिकिट लगा हुआ अभ्यर्थी के पत्र व्यवहार का पता लिखा हुआ दो खाली लिफाफा अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
4. उपरोक्त विज्ञापित पदों हेतु अनुभव शासकीय संस्थान का ही मान्य होगा।
5. शासकीय/अर्धशासकीय/नीजि संस्थाओ में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन संबंधित संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र बिना किसी सूचना के निरस्त भी किया जा सकेगा।
6. आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर आवेदक को अपना स्वयं का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो (वर्तमान समय का ) चस्पा कर उसे स्व हस्ताक्षरित सत्यापित करना अनिवार्य होगा। साथ ही साथ आवेदक को आवेदन पत्र के निर्दिष्ट स्थानों पर अपना हस्ताक्षर अंकित करना अनिवार्य होगा।
7. आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम एवं वर्ग (श्रेणी) स्पष्ट एवं पठनीय अक्षरों में लिखना अनिवार्य होगा।
8. आवेदन पत्र संलग्न प्रारूप में समस्त आवश्यक प्रविष्टीयों सहित सु स्पष्ट एवं पठनीय अक्षरों में आवेदक के द्वारा स्वयं भरकर प्रस्तुत करना होगा। अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अपात्र माना जा सकेगा। इसके संबंध में आवेदक को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। आवेदक को चाहिए की विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एव पूर्ण जानकारी यथा स्थान अंकित करें यदि आवेदन पत्र मे कोई जानकारी अपूर्ण एवं त्रुटि पूर्ण पाई जाती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी आवेदक की होगी त्रुटि एवं अपूर्णता के अधार पर बिना कोई सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
9. प्रशासनीक कारणो से अधिसूचित रिक्तियो मे बदलाव किया जा सकता है। पदो की संख्या घटाई/बढाई जा सकती है अथवा विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।
10. शासन के द्वारा भर्ती नियम मे किसी भी प्रकार की परिवर्तन किया जाता है या निर्देश जारी किया जाता है तो वे निर्देश इस विज्ञप्ति पर लागू होंगे।
11. चयन के उपरान्त किसी आवेदक के द्वारा प्रस्तुत कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो की गई नियुक्ति तत्काल निरस्त कर दी जावेगी साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी।
12. आवश्यकतानुसार प्रमाण पत्रों की सत्यापन जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें सामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को कोई व्यय का भुगतान नहीं जावेगा।

आयु सीमा :— 1 जनवरी 2018 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए आयु की गणना दिनांक 1 जनवरी 2018 से की जावेगी इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित है।

14. चयन प्रक्रियाः—
अंतिम चयन सूची निर्धारित आधार पर बनाई जावेगीः—
शैक्षणित योग्यता में प्राप्तांको के प्रतिशत का — 70 प्रतिषत अंक
अनुभव — 10 अंक प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक
कौशल / दक्षता / लिखित परीक्षा 20 अंक
सेवा प्रदाता क्लिनिकल पदों हेतु स्किल बेस्ड टेस्ट लिए जावेगें।

15. कौशल / दक्षता / लिखित परीक्षा में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के अंतिम चयन सूची में अवसर नहीं दी जावेगी।

आवेदन शुल्क

| क्र | वर्ग | शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | दिव्यांक / अजा / अजजा / भू0सै0 / स्व.सैनानी | 200 / — रूपये |
| 2 | अपिव | 300 / — रूपये |
| 3 | अनारक्षित | 500 / — रूपये |

आवेदन शुल्क मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर के नामें डीडी / बैक ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार किये जावेगे।

16. संविदा मानदेय — संविदा सेवा अवधी के दौरान प्रति माह एक मुश्त राशी देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अन्य भत्ता / सुविधा देय नहीं होगा।

17. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा एक माह का वेतन जमा करना होगा।

18. दिव्यांग / भू0पू0सै / महिला आरक्षण नियमानुसार लागू होगी विवेश आरक्षण अर्हता रखने वाले अभ्यर्थीयों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होगे अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।

19. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र एवं उच्च स्तरीय छान बीन समिति से सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। (टीपः— स्थाई जाती प्रमाण पत्र धारक पात्र होगें किन्तु उन्हे एक माह के भीतर सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। ) इस विषय पर छ0ग0 शासन द्वारा समस—समय पर जारी निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

20. संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पद स्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थि की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जाएगी।

21. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेगें।

22. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नही होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया / मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

23. चयन प्रक्रिया में किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि, किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।

24. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एंव समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिती को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

## आवेदन के संबंध में आवेदकों के लिए दिशा—निर्देश

आवेदन पत्र इस विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में समस्त वांछित प्रमाण—पत्र एंव अंक—सूचियों की स्वहस्ताक्षरित द्वारा सत्यापित छायाप्रति सहित प्रस्तुत किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध करते हुए पृष्ठ क्रंमाक भी अंकित करें। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम से ही व्यवस्थित करें।

(1 आवेदन पत्र 2 निवास प्रमाण पत्र 3 जाति प्रमाण पत्र 4 शैक्षणिक योग्यता 5 अन्य प्रमाण पत्र 6 बैंक डी0डी0 / ड्राफ्ट 7 लिफाफा)

पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 07 / 09 / 2018..को सायं 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर छ0ग0 के पते पर प्राप्त हो जाना चाहिए। कार्यालय में सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगे। अंतिम तिथी के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सूरजपुर छ0ग0

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर अंतर्गत रिक्त पदों की संविदा भर्ती हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति

मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी
सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0)

स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें।

आवेदित पद का नाम. ..........................................................

1 आवेदक का नाम ..........................................................
(अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) ..........................................................

2 पिता/पति का नाम ..........................................................

3 माता का नाम ..........................................................

4 (अ) जन्म तिथि (अंको में) ..........................................................
(अंको में) ..........................................................

(ब) आयु 1 जनवरी 2018 की स्थिति में वर्ष............................माह......................दिन..............................

5 जाति (सामान्य/अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.वर्ग.) ..........................................................
(स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)

6 क्या आप दिव्याक/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के है– ..........................................................

7 स्थायी निवास का पता ..........................................................
..........................................................
..........................................................
..........................................................

8 वर्तमान पत्र व्यवहार का पता ..........................................................
..........................................................

मोबाईल नं0 ..........................................................

9 ई–मेल आईडी ..........................................................

10 रोजगार कार्यालय का नाम एंव ..........................................................
जीवित पंजी. क्र0/दिनांक ..........................................................

11 शैक्षणिक योग्यता–

| क्र0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उतीर्ण परीक्षा का वर्ष | उतीर्ण परीक्षा का पूर्णाक | उतीर्ण परीक्षा का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12 अनुभव–

| क्र0 | पदनाम | संस्था का नाम | कार्य अवधि | | अनुभव वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक | |
| | | | | | |

13 अनापत्ति प्रमाण पत्र ..........................................................

14 संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची 1 ..........................................2.......................................3..............................4........
..............................5.............................. ..............6.................................... .....7...............................................

आवेदक का नाम एंव हस्ताक्षर

### घोषणा पत्र

मैं ........................................................एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने भर्ती के संबंध में सभी शर्तो को भली भांति पढ़ लिया है तथा इस आवदेन पत्र में मेरे द्वारा दी,गई जानकारी पूर्णतः सत्य एंव पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर नियोक्ता द्वारा निरस्त कि जा सकती है एंव भर्ती संबंधी सभी दावें समाप्त किये जा सकते है।

स्थान..........................................

दिनांक..........................................

आवेदक का नाम एंव हस्ताक्षर